हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 29 सितंबर 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 विधायक विक्रम ने पेंशन समाधान और सहायक....

14 भारी बारिश से दुर्गा पूजा के बाजार में मायूसी...


## सफलता : आपरेशन के दौरान चप्पे-चप्पे में केवल नजर आ रहा था फोर्स

# रावस इलाके में सक्रिय सीतानदी नगरी एरिया कमेटी का सफाया, मात्र 4 महिला नक्सली बचीं

विजय कुमार पाण्डेय ▶▶| कांकेर


बस्तर से उड़ीसा से झारखंड एवं बिहार जोड़ने वाले कॉरीडोर के तहत कांकेर थाना के ग्राम तिरियारपानी के जंगल में छिपे सीतानदी नगरी एरिया कमेटी के प्रभारी, सचिव, कमांडर, एसीएम एवं अन्य लगभग 3 सदस्य तीन दिनों से रूके हुए थे। यह भी चर्चा है कि किसी बड़े लीडर के आने या जाने के मूवमेंट होने वाला था। सचिव, कमांडर और सदस्य के मारे जाने के बाद अब सीतानदी नगरी एरिया कमेटी में केवल 4 सदस्य एरिया कमेटी की प्रभारी ज्योति यानी कमांडर राजेश की पत्नी, डिप्टी कमांडर रोनी उर्फ उमा, एसीएम गीता उर्फ सनकी उसेंडी और रेश्मा बचे है। यह चारों जान बचाकर सीतानदी अभ्यारण की ओर भागे है। इस आपरेशन में चप्पे चप्पे में पुलिस बल तैनात रहा, पहली बार इतनी तादाद में ग्रामीणों को फोर्स देखने को मिला।

सीतानदी नगरी एरिया कमेटी के नक्सलियों का मूवमेंट कांकेर थाना अंतर्गत बांसपत्तर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम ठेमा, छिंदखड़क, बांसपत्तर, रावस, तिरियारपानी, बासनवाही में विगत 15 साल से हो रहा है। इसके पहले मूवमेंट रहा होगा, किसी को किसी तरह की जानकारी नहीं थी। नक्सलियों के मूवमेंट की सबसे पहले जानकारी 2010 में आई थी, जब 2009 से 10 में रहे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अजय यादव ने जिंदा बड़े नक्सली लीडर को दबोचा था, उसी के चलते एक सप्ताह के अंदर मुखबिरी के शक में दो ग्रामीणों की हत्या कर दिया था, उसके बाद से इस ईलाके में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। नक्सली इस ईलाके को आने जाने के लिए उपयोग करते थे, इसलिए तिरियारपानी के जंगल में रहने के चलते रावस एलओएस का भी गठन किया था, परंतु लगातार पुलिस की सक्रियता के चलते यह एलओएस सक्रिय नहीं हो पाया। इस ईलाके में हत्या की दूसरी घटना आज तक नहीं घटी। यह जरूर खबरे आती रहती थी कि इस ईलाके के स्थानीय जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों से नक्सली वसूली जरूर करते है। दहशत के समय प्रत्येक पंचायत से 50 हजार से एक लाख के वसूलने की चर्चाएं सामने आती रहती थी, यह कितना सही है, उस दौरान के नक्सली ही जान सकते है। इस मार्ग पर नक्सलियों के कई सेंट्रल कमेटी के सदस्यों का आना जाना होता रहता था। पुलिस को कई बार इनपुट मिला, परंतु सफलता कभी नहीं मिली। इस ईलाके में मुठभेड़ में नक्सलियों को मारने में पहली बार सफलता 28 सितंबर को मिली।

### खास बातें


- रावस इलाके में 2010 में मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या की थी
- सरोना में थाना खोलने की माँग 15 साल से की जा रही थी, अब खुलेगा


जवान शव को जंगल से बाहर लाकर सड़क किनारे रखा


जवानों की टीम जो शव को लेकर जंगल से सड़क तक पहुँची

### नक्सली सरवन को 11 सितंबर तक दिया था अल्टीमेटम

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने बताया कि सीतानदी नगरी रावस समन्वय एरिया कमेटी सचिव 08 लाख का ईनामी सरवन मडकम उर्फ विश्वनाथ उर्फ बुधराम पुनेम के खिलाफ कांकेर थाना में एक मामला दर्ज है, जिसकी विवेचना एसडीअपी मोहसिन खान ने किया। इस आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत होने के लिए कांकेर पुलिस ने उसके गांव चिपुरभट्टी थाना बासागुड़ा, जिला बीजापुर में नोटिस को चस्पा किया था, उसे 11 सितंबर 2025 को उपस्थित होने का अलटीमेटम था, काश उपस्थित होता, तो उसकी जान बच जाती। अंततः उपस्थिति दिनांक से 17 दिन बाद कांकेर पुलिस को नक्सली सरवन को मारने में सफलता मिलेगी, ऐसा कांकेर पुलिस ने भी नहीं सोचा था। कांकेर पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता रही।


नक्सली सरवन के नाम का जारी हुआ नोटिस

### पहली घटना के 15 साल बाद खुलेगा सरोना थाना

नक्सलियों के द्वारा 2010 में हत्या किए जाने के बाद लगातार ठेमा में पुलिस का कैंप या सरोना में थाना खोलने की माँग उसी समय से चलते आ रही है। सरोना ग्राम पंचायत ने 2010 में जमीन आवंटन के लिए प्रस्ताव भी पास हुआ था। उसके बाद जनप्रतिनिधियों और सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने सरोना में थाना खोलने की घोषणा किया था, परंतु थाना नहीं खुला। विधायक आशाराम नेताम ने थाना की माँग को गंभीरता से लेते हुए माँग के 15 साल बाद सरोना थाना का सेटअप स्वीकृत करवाया और उसका परिणाम यह है कि नवरात में ही थाना का शुभारंभ हो सकता है। थाना खुलने के पहले इस ईलाके में तीन नक्सली ढेर हो गए।

### नक्सलियों के पास अभी भी है मौका, की अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला का कहना है कि सीतानदी नगरी एरिया कमेटी के 04 सदस्य इस इनकाउंटर में बच गए है, उनसे यही अपील है कि पुलिस के सामने सरेंडर कर दे और सरकार की पुर्नवास नीति का लाभ लेकर नया जीवन जीना शुरू कर सकते है। मार्च 2026 तक जंगल से नक्सलियों को पूरी तरह से साफ होना तय है, अभी मौका है, जंगल में भटक रहे नक्सली समर्पण कर दें, जिससे बचा जीवन समाज के साथ जुड़कर बेहतर से जी सके।

### नवरात्रि विशेष



#### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

### खबर संक्षेप

#### शराब पीने की सुविधा दी, पकड़ाया युवक

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत बीचपारा हरनगढ़ निवासी 29 वर्षीय मंगलू दुग्गा 26 सितंबर को हरगढ़ के साप्ताहिक बजार के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने की सुविधा दे रहा था। आरोपी द्वारा सार्वजनिक जगह पर शराब का सेवन करने से आने जाने वाले लोगो को शराब पीने का सुविधा मोहैया कराया जा रहा था। छापामार कार्यवाही कर आरोपी को पकड़ा गया। कब्जे से 2 नग डिस्पोजल, खुला मिक्चर को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## ट्रक चालक के बैग से 60 हजार की चोरी हेल्पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

दस दिन पहले ट्रक के हेल्पर ने ट्रक के चालक के बैग में रखे 60 हजार को चोरी करके रफू चक्कर हो गया

- सनौद में चालक की मोटर सायकिल की भी चोरी की थी



था। पुलिस ने आरोपी को दबोचा, तब पता चला कि चोर हेल्पर के पिता शिक्षक है और अंतागढ़ थाना के तहकाल के निवासी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

विदित हो कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूजे 1695 का ट्रक ड्राइवर प्रार्थी सुक्खू दास कुलदीप निवासी कोंडागांव ने 18 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि मैं ट्रक में सामान भरकर ड्राइवर अपने सहयोगी हेल्पर हरिवंश सेवता निवासी तहकाल थाना अंतागढ़ के साथ गाड़ी में आंध्रप्रदेश से चारामा सीमेंट लेकर पहुँचे और सीमेंट को खाली करके पेट्रोल पंप के पास पहले हेल्पर नहाने गया और उसके बाद ट्रक चालक नहाने गया। चालक नहाकर वापिस आया, तो हेल्पर गायब था। चालक ने बैग को देखा, उसमें रखी नगदी रकम 57750 रूपएं और मेरे पर्स में रखे 3 हजार रूपएं गायब थे। हेल्पर को संपर्क करने का प्रयास किया, परंतु कुछ भी पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपी की तलाश किया और आरोपी को दबोचा। उसके पास नगद 5 हजार और चोरी की रकम से खरीदे गए सेकेंड हैंड एपल का मोबाईल मिला। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर विगत समय सनौद से मोटर सायकल चोरी करना कबूला, जिसे जप्त किया गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी की गई रकम से अलग अलग शहरों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पीएम के मन की बात सुनने सांसद कच्चे पहुंचे

भानुप्रतापपुर। शक्ति केंद्र कच्चे में समाज सेवी रामबाबू जायसवाल के निवास स्थान में सांसद भोजराज नाग ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने समस्त देशवासियों को स्वदेशी अपनाने पर, महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। मन की बात कार्यक्रम में सरपंच कच्चे कांति हिड़को, ज्वाला प्रसाद जैन, सतीश श्रीवास्तव, ▶▶| शेष पेज 12 पर



## करमिाड़ में बिजली आपूर्ति ठप, ग्रामीणों ने दिया आंदोलन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदलसे महज 3 किमी दूर स्थित पटेलपारा कर्रामाड़ के ग्रामीण इन दिनों बिजली की लगातार समस्या से परेशान हैं। दुर्गूकोंदल से विद्युत लाइन काटकर भानुप्रतापपुर से जोड़ी गई सप्लाई नियमित नहीं मिल रही है, जिससे गांव में हमेशा बिजली गुल रहती है और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

- बिजली आपूर्ति दो दिनों से है ठप, पर विभाग नहीं है गंभीर

ग्राम के उपसरपंच लतीफ ध्रुव और ग्रामीण राहुल श्रीवास्तव, मनहेर कवाडे, मेघराज कवाडे, आशीष मरकाम, महेश मरकाम, नंदलाल ध्रुव ने कहा कि पास में दुर्गूकोंदल होने के बावजूद भानुप्रतापपुर से बिजली दी जा रही है, जो व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि तुरंत दुर्गूकोंदल से सीधी सप्लाई शुरू नहीं की गई, तो ग्रामीण सामूहिक रूप से बिजली विभाग का घेराव करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित ▶▶| शेष पेज 12 पर



## सेवा पखवाड़े में सटेली में चलाया स्वच्छता अभियान



दुर्गुकोंदल। सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ग्राम सटेली में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। अभियान में जनपद सदस्य पीलम नरेटी की उपस्थिति में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर सफाई अभियान में भाग लिया। इस दौरान सड़क, नाले, दुकानों और आंगनबाड़ी परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया और गंदगी हटाकर कचरे का सही ढंग से निपटान किया गया। अभियान का उद्देश्य गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना था। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने आसपास के दुकानदारों और निवासियों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी परिसर या गांव के अन्य इलाकों ▶▶| शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### विकासित भारत यंग लीडर्स डायलाग का हुआ आयोजन

**कांकेर।** युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत महत्वाकांक्षी पहल माय भारत के अंतर्गत विकासित भारत यंग लीडर्स डायलाग 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य युवाओं को नेतृत्व, विचार-विमर्श और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में शामिल करना है। उपनिदेशक नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि इस संवाद का लक्ष्य युवाओं को विकसित भारत 2047 के विजन से जोडना है। उन्होनें कहा कि यह अवसर युवाओं के लिए अपनी सोच, उर्जा और नेतृत्व क्षमता को सामने लाने का बेहतरीन मंच है। इस संवाद की शुरूआत माई भारत क्विज से होगी, जो 12 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस क्विज में कुल 20 प्रश्न होंगे। सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 10 मिनट का समय दिया जाएगा तथा इसमें भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रथम चरण प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 निर्धारित है। शीर्ष 10000 विजेताओं को अगले चरणों जैसे निबंध लेखन प्रस्तुति और संवाद सत्र में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लिंक उपलब्ध कराया गया है, जिसके तहत प्रतियोगिता में शामिल हो सकते है। उपनिदेशक ने कहा कि यह संवाद युवाओं को अपने विचार साझा करने नेतृत्व प्रदर्शित करने और सामूहिक दृष्टिकोण से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने दुर्ग जिले के सभी युवाओं से अपील की कि वे इस प्रतियोगिता में बढ-चढकर हिस्सा ले ओर विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ।

### मन की बात जनता से सीधे जुड़ने समाज को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम : सांसद



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 126वें अंक को बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उलनार बूथ क्रमांक 201 में सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप और जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे की उपस्तिथि में संपन्न हुआ। सांसद ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं है,बल्कि जनता से सीधे जुड़ने और समाज को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार बस्तर के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्रामीणों से सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने का भी आग्रह किया। सांसद ने यह भी साझा किया कि हाल ही में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य कैबिनेट सदस्य,प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री व गृह विजय शर्मा सहित कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर बस्तर दशहरा में आमंत्रण दिया है।इस बार के मुरिया दरबार की ऐतिहासिक रस्म में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन हैं, जिससे यह अवसर और भी स्मरणीय बनेगा।

**कार्यक्रम : छिंदगांव में किया गया नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजन**

# रामधुनी में महिषासुर मर्दिनी की झांकी और रामकथा की भावपूर्ण प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम छिंदगांव में नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय रामधुनी कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने श्रद्धालुओं के साथ माता की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान मानस मंडली द्वारा महिषासुर मर्दिनी की झांकी और रामचरितमानस के प्रसंगों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। भगवान राम के वनवास, उनके आदर्श चरित्र और धर्मनिष्ठा को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया। रामधुनी स्थल पर भक्ति गीतों और आरती से पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। मुख्य अतिथि किरण नरेटी ने कहा कि नवरात्रि केवल उत्सव नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और सामाजिक मेल जोल का प्रतीक है। रामकथा हमें परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध सिखाती है।

उन्होंने श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और आध्यात्मिक जागृति को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर उन्होंने छिंदगांव के लिए 5-5 लाख कुल 10 लाख रुपए के तीना सेट देने की घोषणा कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। यह घोषणा सुनकर ग्रामवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया। कार्यक्रम में सरपंच शकुंतला नरेटी, नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर निखिल राठौर, विजय पटेल, सोमल जैन, सरपंच सिवनी उमेशवरी मंडावी, उपाध्यक्ष अघन सोरी, सचिव प्रताप केमरों, अस्सीराम उईका, रामू कोला, गायता राजमन दुग्गा सहित में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दुर्गूकोंदल के मानस गान कार्यक्रम में 9 टोलियों ने दी शानदार प्रस्तुति



**दुर्गुकोंदल।** शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर दुर्गुकोंदल में नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में छठे दिन दुर्गा मंच पंडाल में मानस गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चला, जिसमें क्षेत्र की 9 प्रसिद्ध मानस टोलीयों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। मानस गान में शामिल टीमों में जय मां शीतला मानस परिवार हाटकोंदल, जय मां शीतला मानस परिवार मेंड़ो, वाल्मीकी मानस परिवार कोड़ेकुर्से, सत्य दर्शन मानस परिवार भानुप्रतापपुर, जय मां दुर्गा मानस परिवार लडेर, जय मां सोनादाई मानस परिवार लोहत्तर, मां मनकेशरी मानस परिवार टांहकापार, विचार कांति मानस परिवार दुर्गूकोंदल और ज्योति मानस परिवार छिंदगांव की टीमों ने सुंदर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान पंडाल भक्ति गीतों और मानस पाठ की गूंज से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भक्ति संगीत का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष दीपक जैन, उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, गेंदालाल लावते, शंकर नागवंशी, मुन्ना सिंहा, शांतिलाल जैन, महत्तम दुग्गा, योगिता दुग्गा, काजल भारद्वाज, पिंकी नरेटी, सुभद्रा दुग्गा, सोनू मंडावी सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नवरात्र के इस भक्ति आयोजन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा।

## विश्व रैबीज दिवस पर जागरूकता रथ को सीएमएचओ ने दिखाई झंडी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिले में रेबीज के संबंध में जनजागरुकता बढ़ाने के लिए सीएमएचओ डॉं. आरसी ठाकुर और जिला नोडल अधिकारी डॉ. डीके रामटेके के द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीरामनगर से प्रचार प्रसार रथ को रवाना किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। विदित हो कि हर साल 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और रोकथाम के उपायों के बारे में शिक्षा देना है। रेबीज एक बेहद गंभीर समस्या होने के बाद भी लोगों को इसके बारे में पूरी जानकारी नहीं है। इसलिए हर साल 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मनुष्य और पशुओं में रेबीज बीमारी के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और रेबीज की रोकथाम के प्रयासों में तेजी लाना है। यदि किसी भी व्यक्ति को कुत्ता , बिल्ली , बन्दर, भालू कटता है या खरोंच मार दे तो काटे हुए स्थान को कम से कम 15 मिनट तक तुरंत साबुन और पानी से अच्छी तरह से धोएं व तत्काल स्वास्थ्य संस्था में जाकर रेबीज का निःशुल्क टीकाकरण लगवाए।

### संघ विरोधी कार्य करने वाले 16 सदस्य निष्कासित

**जगदलपुर।** छ.ग.प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ बस्तर की जिलाध्यक्ष रीमा दानी ने प्रांताध्यक्ष के अनुमोदन उपरांत संघ विरोधी कार्य, अनुशासनहीनता और बहिष्कृत व्यक्तियों के साथ संघ का दुष्प्रचार करने के कारण कुछ पदाधिकारियों, सदस्यों की संघ की प्राथमिक सदस्यता को समाप्त करते हुए 3 वर्षों के लिए निष्कासित की है। जारी बयान में उन्होंने बताया कि लक्ष्मी तांडिया, वर्षा एल्काना, रुपेन्द्र सिंह, दयानंद पटेल, कु. गायत्री कामडी, निर्मला ठाकुर, रिटो अब्राहम, फांसिस विलियम रवि नाग, कल्पना सिंह, सावित्री नाग, भीकम साहू, शार्दुल गुजराल, रामानंद ध्रुव, जयप्रकाश विश्वकर्मा और रोजलीन बेचक कुल 16 लोगों पर कार्यवाही की गई है।

## प्रधानमंत्री स्वदेशी सामान खरीदने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 126 वां संस्करण का श्रवण पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में भाजपा कार्यकतार्ओं ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में गुरु गोविंद सिंह वार्ड के पार्षद संग्राम सिंह राणा उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने फेस्टिवल सीजन, आत्मनिर्भर भारत, लोकल फॉर वोकल की बात कही। इस बार त्योहारों में स्वदेशी सामान ही खरीदे। जो देश में तैयार हुआ है वही सामान खरीदे। भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने का काम कर रही है।

आज लता मंगेशकर की जयंती है । भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता।

अमर शहीद भगत सिंह हर भारतवासी विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा पुंज है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया और इनके खादी सबसे प्रमुख थी। 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 साल पूर्ण हो रहे हैं।

यह यात्रा अभूतपूर्व है। मन की बात कार्यक्रम में सोशल मीडिया प्रभारी ब्रिजेश शर्मा, शेखर साव, बूथ अध्यक्ष देव कुमार झा, नीलू यादव, पूजा यादव, रघुवीर पांडेय, अमित पांडेय एवं अन्य उपस्थित रहे।

## आदिवासी छात्र युवा संगठन ने भगत सिंह की मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजूर

आदिवासी छात्र युवा संगठन इकाई पखांजूर ने शहीदे-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और महान क्रांतिकारी भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई।

इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने भगत सिंह के जीवन और विचारों को याद किया। आदिवासी छात्र युवा संगठन के अध्यक्ष राजेश नुरूटी, पूर्व महामंत्री विनोद कुमेटी, नीलेश कोरचा, अमिला नुरूटी और नवीन उइके ने संयुक्त रूप से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। आज के युवाओं को उनके साहस, देशभक्ति और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता से प्रेरणा लेनी चाहिए। वक्ताओं ने जोर दिया कि भगत सिंह के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को देश और समाज के लिए रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। संगठन ने इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को देश के नायकों के बलिदान और सिद्धांतों को जानने और अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संगठन के सदस्य विशाल नुरूटी, अमिल पददा, जैनी पददा आदि शामिल रहे।

## विहिप ने धर्म परिवर्तन कराने वालों से सजग रहने दी ग्रामीणों को समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- नानगुर प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की हुई बैठक



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नानगुर प्रखंड की बैठक ग्राम पंचायत उलनार के सद्भावना भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री नवीन देवांगन ने कहा कि आदिवासी समाज सनातन संस्कृति के असली वाहक हैं। उन्होंने धर्म परिवर्तन की निंदा की। उन्होंने गांव पहुंचने वाले धर्मपरिवर्तन कराने वाले से सजग रहने ग्रामीणों को समझाइस दी।

बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यह सनातन संस्कृति के लिए खतरा है। लोगों को शिक्षा चिकित्सा के नाम पर गुमराह कर धर्म परिवर्तन कर उनके धर्म संस्कृति को नष्ट किया जा रहा है।

उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू ने ग्रामीणों से एकजुट रहने और समाज को गुमराह करने वालों को जवाब देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य ग्रामीणों को सनातन संस्कृति के महत्व के बारे में जागरूक करना और समाज को गुमराह करने वालों के खिलाफ एकजुट करना था। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव और विचार रखे, जिससे विश्व हिंदू परिषद की योजनाओं को और भी बेहतर बनाया जा सके। बैठक में जिला मंत्री प्रेम चालकी, ईश्वर कश्यप, प्रखंड अध्यक्ष सोम नाग, प्रखंड संयोजक बसंत, सह संयोजक नारायण, गौ रक्षा प्रमुख आदि उपस्थित थे।

## चिन्हांकन, पातन व लगुण कार्य का हुआ प्रदर्शन, प्रशिक्षण, विशेष कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



प्रवरण सह सुधार कार्य वृत्त चिन्हांकन, पातन व लगुण कार्य को करते हुए सूक्ष्म अवलोकन कर वनों के विभिन्न स्तरीय आयाम जैसे स्थल गुण श्रेणी, वनों की उत्पादकता, वानिकी कार्यों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग, कार्य दक्षता में वृद्धि आदि के विषय में प्रायोगिक रूप से जानकारी प्रदाय कर समस्त प्रतिभागियों के शंका समाधान किया गया। यह प्रदर्शन, प्रशिक्षण कार्यशाला समस्त वृत्त के वन मंडलों के कूप में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता में निश्चित रूप से सुधार करने में सहायक होगा। कार्यशाला में मुख्य वन संरक्षक आलोक तिवारी, मुख्य वन संरक्षक, (वन्यप्राणी) सुश्री स्टायलो मण्डावी, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, सामाजिक वानिकी बस्तर वन मण्डलाधिकारी शमा फारुकी, बीजापुर के वन मंडलाधिकारी रंगानाधा रामा कृष्णा वाय, सुकमा के वन मंडलाधिकारी प्रशिक्षु सुमेध सुरवड़े, समस्त सहायक वन संरक्षक, परिक्षेत्र अधिकारी, समस्त वन मैदानी कर्मचारियों एवं वन रक्षक प्रशिक्षणार्थियों, वन विद्यालय की उपस्थिति में मुख्य वन संरक्षक के नेतृत्व में सीमांकन, मार्किंग, पातन के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## योजनाओं का फायदा उठा रहे अपात्र लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- महिला बाल विकास विभाग की गड़बड़ियों को दूर करने युकां ने सौंपा ज्ञापन



बस्तर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्याप्त गंभीर अनियमितताओं पर आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं विभिन्न योजनाओं में लापरवाही और भ्रष्टाचार का असर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास पर पड़ रहा है।

बच्चों व महिलाओं में लगातार कुपोषण की वृद्धि, आंगनबाड़ी पंजीकरण और वास्तविक लाभार्थियों में बड़ा अंतर, पोषण आहार का समय पर वितरण न होना, राशन की कालाबाजारी एवं पोषण ट्रैकर पर गलत आंकड़े दर्ज करना, मातृ वंदन, लाड़ली लक्ष्मी और पोषण अभियान जैसी योजनाओं का लाभ अपात्र लोगों तक पहुंचना, कई आंगनबाड़ी भवन जर्जर स्थिति में, शुद्ध पेयजल और शौचालय की सुविधा का अभाव जैसी समस्याएं एवं आर्थिक गड़बड़ी से योजना का लाभ पात्र को नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांग की है कि जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक अधिकारी प्रकाश सिंदे ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

ज्ञापन देने पहुंचे युवा कांग्रेस के हेमंत कश्यप समेत जिला सचिव विजय भारती, एकादशी बघेल, मनबोध बघेल, एवं रामचंद्र बघेल शामिल थे।

## एनएमडीसी, बचेली परियोजना ने किया स्वच्छता मार्च का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

एनएमडीसी, बचेली में ''स्वच्छता ही सेवा 2025'' कार्यक्रम के तहत 28 सितम्बर को विषय अनुरूप ''स्वच्छता जागरुकता मार्च'' के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजेनार व मसेनार के ग्राम पंचायत भवन के आसपास के क्षेत्रों में साफ़-सफाई की गयी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

इसके अतिरिक्त पंचायतों के जनप्रतिनिधि, सरपंच, वार्ड पंच, कोटवार, पटेल व स्व सहायता समूह तथा अन्य की उपस्थिति रही। इस पहल का आरम्भ बचेली परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली के मार्गदर्शन से किया गया है, एवं इसका संचालन सीएसआर व मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया। इसी कड़ी में बचेली परियोजना के द्वारा स्वच्छता मार्च का आयोजन किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत सीएसआर विभाग, बचेली द्वारा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ रखने व स्वच्छ रहने से होने वाले लाभ के बारे में जागरुक किया गया। इस अवसर पर जोसी थॉमस, उप-महाप्रबंधक (मा. सं.) सीएसआर,




एनएमडीसी, बचेली द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

## पेज 11 के शेष ...

### ट्रक चालक के...

के बड़े हॉटल में रूककर खाने में पूरा पैसा उड़ा दिया। इस दौरान आरोपी धमतरी, रायपुर, कोंडागांव और दंतेवाड़ा के हॉटल में रूककर पैसा पूरा खर्च कर दिया और उसके यही शौक है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में उपनिरीक्षक प्रेम शंकर ठाकुर, सउनि भकेश पटेल, आरक्षक अनिल जैन, जितेंद्र नाग की अहम भूमिका रही।

### पीएम के मन...

जीवराखन सलाम, धीरज जायसवाल, हेमंत साहू, किशोर देवांगन, सागर चालकी, जितेन्द्र ठाकुर, बोधन मानिकपुरी, सजनी बाई जैन, भानुमती वासु आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### कर्रामाड़ में बिजली...

बिजली न मिलने से बच्चों की पढ़ाई, कृषि कार्य और घरेलू जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बिजली विभाग और प्रशासन से तुरंत संज्ञान लेकर स्थायी समाधान की मांग किया है। ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल दुर्गूकोदल के कनिष्क यंत्री को ज्ञापन देकर दुर्गूकोदल लाइन से जोड़ने की मांग कर चुके है। ग्रामीणों का कहना है कि ज्ञापन दिए जाने के बाद भी विभाग के अमले ने अभी तक गंभीरता नहीं दिखा रहे है। मीडिया के माध्यम से विभाग के उच्च अधिकारियों एवं प्रशासन के संज्ञान में लाना चाह रहे है कि पटेलपारा कर्रामाड़ के ग्रामीण बिना बिजली के बेहद परेशान है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। विभाग ने ग्रामीणों की माँग को जल्द पूरा नहीं किया तो यह तय है कि आने वाले समय में ग्रामीण आंदोलन करते हुए सड़क पर उतर सकते है। इस विषय पर कनिष्ठ यंत्री से संपर्क करने का प्रययास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका, जिसके कारण वास्तुस्थिति का पता नहीं चल सका।

### सेवा पखवाड़े में...

में किसी भी प्रकार की गंदगी सहन नहीं की जाएगी और साथ ही कचरा फेंकने पर पाबंदी लगाई गई है। गांव के लोगों ने इस अभियान में पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने मिलकर साफ-सफाई कर गांव को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया और संकल्प लिया कि स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करेंगे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस राहत सामग्री पर कर रही ओछी राजनीति



**गीदम।** नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कांग्रेस पार्टी द्वारा गुजरात भाजपा द्वारा भेजे गए राहत सामग्रियों पर की जा रही राजनीति को अमानवीय बताते हुए कहा कि भीषण बाढ़ जैसे त्रासदी में गुजरात भाजपा ने हमारे क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त की एवं सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए बाढ़ पीड़ितों के लिए 5 कंटेनर राशन सामग्री भेजी जिसमे कपडे, बर्तन, सूखा राशन, आलू, प्याज एवं अन्य सामाग्रियां थी। जिसका वितरण बाढ़ पीड़ति क्षेत्र में सीधे पीड़तिों से मुलाकात कर भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी भीषण त्रासदी में एक तरफ जहां शासन, प्रशासन, एनएमडीसी व अन्य समाजसेवी संस्थाओ साथ-साथ भाजपा संगठन जहां लोगों को राहत पहुंचाने लगा था वहीं कांग्रेस पार्टी सिर्फ ओछी राजनीति करने में लगी थी।

### मन की बात विधायक व जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी



**दंतेवाड़ा।** विधायक चैतराम अटामी ने वार्ड क्रमांक 5,बूथ क्रमांक 98 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुप्रतीक्षित मन की बात कार्यक्रम का 126 वां संस्करण का प्रसारण भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता ने भी गीदम नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 5,बूथ क्रमांक 59 में स्थानीय भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ के साथ देखा सभी मंडलो एवं बूथों में भी वरिष्ठ पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। गुप्ता ने कहा की मन की बात कार्यक्रम न केवल एक संवाद का माध्यम है बल्कि यह हमारे देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना को जागृत करने का एक सशक्त प्रयास भी है। इस दौरान पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

### आयुर्वेद दिवस पर बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**गीदम।** आयुर्वेद का प्रचार प्रसार करने हेतु दसवां आयुर्वेद दिवस रजत जयंती सप्ताह सरस्वती शिशु मंदिर गीदम में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए भैया बहन व आचार्य दीदियों ने नगर के मुख्य मार्ग में रैली निकाल कर जागरूकता लाने का प्रयास किया व हर घर, हर दिन आयुर्वेद जैसे नारे लगाये। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर डॉक्टर किशन ठाकुर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी गीदम एवं जेडी साहू फार्मासिस्ट ने किया।

# कौशल, शिक्षा और रोजगार के जरिए युवाओं को दे रहा है सशक्त भविष्य का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

देश के अग्रणी उद्योग समूह एएम,एनएस इंडिया ने एक बार फिर अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। कंपनी ने दंतेवाड़ा जिले में अपने प्रतिष्ठित दक्ष डिजिटल स्किलिंग फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम आईसेक्टर लिमिटेड और नैसकोम फाउंडेशन के सहयोग से संचालित है। जिसका उद्देश्य युवाओं को डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप कौशल प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर एवं रोजगार योग्य बनाना है। समारोह में लगभग 160 युवा शामिल हुए, जिनमें से 126 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और 30 प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि जयंत नाहटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कौशल विकास ही दीर्घकालिक सफलता की कुंजी है। एएम,एनएस इंडिया जैसे संस्थान युवाओं के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रहे हैं। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी और उद्योग जगत से जुड़े गणमान्य उपस्थित रहे। एएम,एनएस इंडिया की ओर से के.टी. राव जे.जी.एम. किरंदुल, विनय डीजीएम और सीएसआर टीम ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कंपनी का ध्यान सिर्फ उत्पादन पर नहीं, बल्कि कौशल विकास, शिक्षा और स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने पर केंद्रित है। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि एएम,एनएस न केवल देश की आर्थिक प्रगति का सहभागी है, बल्कि समाज के साथ मिलकर परिवर्तन लाने वाला एक संवेदनशील और उत्तरदायी संगठन भी है। एएम,एनएस इंडिया का विश्वास है कि वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का समान अवसर मिले यही सोच उसे एक सच्चे समाज-केंद्रित उद्योग के रूप में अलग पहचान देती है।

## एएम, एनएस इंडिया का दक्ष कार्यक्रम में 160 युवा हुए शामिल



### ठोस मंच प्रदान कर रहा

एएम,एनएस का दक्ष कार्यक्रम केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को रोजगार, स्वावलंबन और आत्मविश्वास की दिशा में एक ठोस मंच प्रदान कर रहा है। कंपनी की यह पहल दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान का मजबूत माध्यम बन रही है। एएम,एनएस इंडिया ने अपने कार्यों से यह सिद्ध किया है कि भारत का औद्योगिक विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

## जिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित

# जिला प्रशासन के सतत नवाचारी पर्यटन पहल ने दंतेवाड़ा को दी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा जिले को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट टूरिज्म प्रमोशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्य स्तर पर आयोजित समारोह में पर्यटन मंत्री एवं पर्यटन विभाग के सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान किया गया। कलेक्टर कुणाल दुदावत के नेतृत्व और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायतजयंत नाहटा के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए नवाचार और प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर यह पहचान मिली है।

जिले की रोमांचक एडवेंचर टूरिज्म, मंदिर पर्यटन, धरोहर, खानपान, संस्कृति, कला और संगीत से जुड़ी सभी झलकियों को संकलित कर एक आकर्षक पुस्तक वंडर्स आफ दंतेवाड़ा प्रकाशित की गई है। इसे राज्य के सभी प्रमुख सर्किट हाउसों में रखा गया है और विशिष्ट अतिथियों तक व्यापक रूप से वितरित किया गया है।

रायपुर, जगदलपुर, चित्रकोट और छत्तीसगढ़ के अन्य प्रमुख शहरों में जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने वाले होर्डिंग लगाए गए हैं। जल्द ही हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों में भी प्रचार अभियान चलाने की योजना है।

हाल ही में छत्तीसगढ़ राइडिंग क्लब के साथ साझेदारी में आयोजित बाइक ट्रेल में 80 से 90 से अधिक बाइकर राज्य और राज्य से बाहर से दंतेवाड़ा पहुंचे और विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। बॉलीवुड अभिनेता अनिल चरंजीत ने 10 से 12 दिन दंतेवाड़ा में रहकर 6 एपिसोड की वेब सीरीज़ बनाई। प्रत्येक वीडियो को 70 लाख से अधिक इम्प्रेशन और 30,000 से अधिक लाइक्स मिले, जिसने जिले की पर्यटन छवि को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया।

### पर्यटन अवसंरचना उन्नयन

कुमार रास झील यहां वाटर स्पोर्ट्स की शुरुआत की गई है जिसमें कायकिंग बोर्ड, पैडल बोर्ड और श्रीनगर की डल झील जैसी सोलर पंप आधारित शिकारा बोट शामिल हैं। साथ ही बांस के कॉटेज, गेट और कैम्पिंग सुविधाएं विकसित की गई हैं। मलांगिर एवं झारा लावा झरनाः यहाँ भी आकर्षक गेट और कैंपिंग सुविधाओं का निर्माण किया गया है। बूढ़ा तालाबः यहाँ 450 मीटर लंबी जिपलाइन राज्य की सबसे लंबी लगभग पूर्ण हो चुकी है और शीघ्र ही उद्घाटन होगा। साथ ही मोटरबोट और कयाकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। ढोलकल गणेश मंदिर क्षेत्र तीन एकड़ से अधिक क्षेत्र में लग्ज़री और प्रीमियम टेंट्स, बेसिक टेंट्स, रेस्तरां और कैफ़ेटेरिया वाले पर्यटन कॉटेज के लिए निविदा स्वीकृत की गई है। दंतेश्वरी मंदिर परिसर यहां संग्रहालय खोला गया है जिसमें जिले के प्रमुख मंदिरों और पर्यटन स्थलों के प्रतिरूप और नृत्य शैलियों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही सरोवर में वाटर स्पोर्ट्स, ट्रैम्पोलिन जंपिंग, जॉबी कायक और पैडल बोर्डिंग की सुविधा दी गई है। स्मार्ट तकनीक का उपयोग दंतेश्वरी मंदिर और बारसूर मंदिर में क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर गाइड की शुरुआत की गई है। सजावटी पहल डंकिनी मुख्य पुल और बारसूर मंदिर मार्ग पर आकर्षक म्यूरल आर्ट वॉल पेंटिंग्स बनाई गई हैं। जिले में लगातार पर्यटन का विकास किया जा रहा है। इन प्रयासों से दंतेवाड़ा देश में एक उभरते हुए पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित हो रहा है।

## 2 खिलाड़ियों का नेशनल एवं 6 का राज्य स्तर पर एथलेटिक्स में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

बस्तर विकासखंड के शाउमावि. फरसागुड़ा के 6 होनहार खिलाड़ियों का चयन 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए एथलेटिक्स में हुआ जो कि 21 से 24 सितंबर तक जगदलपुर में आयोजित किया गया। इन खिलाड़ियों की उपलब्धी से समूचे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 6 बालिकाएं कु. योगिता कश्यप, कु. निशा बघेल, कु. मानसी बघेल, कु. रेखा बघेल, कु. गुडिया बघेल, कु. धनमति कश्यप का चयन किया गया। जिसमें से कु. योगिता कश्यप ऊंची कूद में सिल्वर मेडल और कु. निशा बघेल भाला फेंक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जिससे अच्छे प्रदर्शन के कारण दोनों खिलाडियों का नेशनल स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इन सभी खिलाडियों को एथलेटिक्स का प्रशिक्षण व्यायाम शिक्षक मानकेर करंगा और हॉस्टल अधिक्षिका अनुमति बघेल द्वारा प्रदान किया गया। इन सभी बच्चों के चयन और अच्छे प्रदर्शन पर शाउमावि. फरसागुड़ा स्कूल के प्राचार्य विकास पाठक और शाला के सभी शिक्षकों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है । योगिता कश्यप और निशा बघेल दोनों खिलाड़ियों को नेशनल प्रतियोगिता के लिये शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह चयन केवल खिलाड़ियों के लिए ही नहीं बल्कि शाउ.मावि फरसागुड़ा स्कूल एवं ग्रामीण अंचल के लिए भी गौरव की बात है। इस अवसर ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती बस आवश्यकता होती है सही मार्गदर्शन और अवसर की।

## छात्र-छात्राओं को दी गई विभिन्न छात्रवृत्ति की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी ने दी जरूरतमंद छात्र छात्राओं को विभिन्न छात्रवृत्ति की जानकारी। जिसमें अजीज प्रेम फाउंडेशन जो सिर्फ छात्राओं के लिए है जो स्नातक डिग्री या डिप्लोमा प्रथम वर्ष में एडमिशन 2025 में लिया हो को प्रति वर्ष 30000 रू की छात्रवृत्ति कोर्स की अवधि तक देय है। जिसका आवेदन का प्रथम चरण 30 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है।

दूसरा चरण का आवेदन 1 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक रहेगा। 8 में अध्यनरत बच्चों के लिए नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम जो राज्य स्तरीय चयन परीक्षा के माध्यम से होगा जिसका ऑनलाइन आवेदन शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से होगा। चयनित होने पर 12500 रु प्रति वर्ष देय है। जिसका आवेदन का समय 10 अक्टूबर तक है।

साथ ही कक्षा 1 से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक मिलने वाली एच डी एफ सी स्कॉलरशिप के बारे में बताया गया जिसका आवेदन 30 अक्टूबर 2025 तक किया जा सकता है। उपरोक्त कार्यक्रम डॉ सजीवन कुमार कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के मार्गदर्शन, प्राचार्य दीपक कुमार घोष छिंदबहार, मनोहर सिंह बरनाला रासेयो सहायक,शी बुधराम कश्यप सदस्य रासेयो सलाहकार समिति के सहयोग से सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम में कक्षा 8 वीं अध्ययनरत बच्चे ,रासेयो स्वयं सेवक और पूर्व छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## मन की बात कार्यक्रम देश व समाज को नई दिशा देने का प्रेरणा स्रोत : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज भगत सिंह वार्ड के बूथ क्रं.146 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 126 वीं कड़ी का प्रसारण कार्यकतार्ओं व आमजनों के साथ सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम केवल संवाद नहीं है बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणास्रोत है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री करोड़ों देशवासियों से सीधे जुड़कर सकारात्मकता, सेवा और संकल्प का संदेश देते हैं।

■ प्रदेश अध्यक्ष ने भगत सिंह वार्ड में सुनी मन की बात

स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद सरदार भगत सिंह एवं भारत रत्न लता मंगेशकर की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया गया। देव ने शारदीय नवरात्रि की शुभकामनायें देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी की दरों को कम करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिसका सीधा लाभ आमजनता को मिलेगा। हर वर्ग व क्षेत्र इस बड़े निर्णय से लाभान्वित होगा।

मन की बात कार्यक्रम श्रवण के दौरान महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, अविनाश श्रीवास्तव, मथुरा तिवारी, दयावती देवांगन, करण जैन, गोदावरी ठाकुर, सुरेश मथरानी,सूर्यकांत साहू, तुलसी ठाकुर, कुसुम साहू, कमला साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय जन मौजूद रहे।

## आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था सुदृढ़ बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय बीजापुर के इन्द्रावती सभाकक्ष में आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षक-अधीक्षिकाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित सभी मण्डल संयोजक, अधीक्षक-अधीक्षिकाएं एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु कलेक्टर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। जिसमें स्वास्थ्य जांच सभी छात्रों का महीने में 2 बार स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य किया गया। मौसम को देखते हुए मलेरिया टेस्ट करवाने तथा संक्रमित पाए जाने पर दवाई देने और उन्हें पृथक कमरे में रखने के निर्देश दिए गए। छात्रों के स्थायी जाति, निवास प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए।

## शिविर में छड़ी, श्रवण यंत्र सहित विभिन्न सहायक उपकरण दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर नगर के सांस्कृतिक भवन में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक पहुंचे, जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें छड़ी, श्रवण यंत्र सहित विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

■ जनपद पंचायत स्तरीय सेवा पखवाड़ा दिवस आयोजित

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सरिता कुडेम ने उपस्थित नागरिकों का उत्साहवर्धन करते हुए शासन की इस जनहितकारी पहल की सराहना की। वहीं, छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री अनकारी सुधाकर ने भी शासन की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के इस प्रयास की प्रशंसा की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पेंशनरों तथा समाज के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएँ एवं सहायक उपकरण पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था।




शिविर को सफल बनाने में जनपद पंचायत के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। यह आयोजन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया गया।

## गढ़िया शक्ति केंद्र में पदाधिकारियों ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी मंडल लोहंडीगुड़ा के गढ़िया शक्ति केंद्र प्रभारी व सरपंच भरत कश्यप एवं मंडल महामंत्री सावेंद्र सेठिया ने एकल अभियान संच के दीदीयों के साथ 126वां एपिसोड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर सभी ने उत्साह पूर्वक ध्यानपूर्वक सुना। सरपंच ने कहा कि देश एक मजबूत नेतृत्व एवं जागरूकता के साथ आगे बढ़ रहा है और पूरी दुनिया हमारी ओर देख रहा है। सभी ने एक स्वर में माना कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक संवाद है भारत के करोड़ों नागरिकों से भारत के प्रधानमंत्री का। मन की बात में आने वाले त्यौहारों पर लोकल फोर वोकल स्थानीय व्यापारियों को बढ़ावा देने की बात कही गई है। इस दौरान निरंजन कश्यप चेतन ग्वाल,मुन्ना कश्यप उपस्थित थे।

### फुटबाल में यंग स्टार बना चैम्पियन

**जगदलपुर।** स्व. धीरज डेविड स्मृति 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को फाइनल मैच खेला गया। फुटबॉल एकादमी विरुद्ध यंग स्टार फुटबॉल क्लब मध्य खेला गया, जिसमें यंग स्टार ने 1-0 से जीत हासिल की। मैच के मुख्य निर्णायक आशीष खरे थे। बेस्ट फॉरवर्ड ऑफ टुर्नामेंट में अमित बेला (फुटबॉल अकादमी) को दिया गया। बेस्ट डिफेंस ऑफ टूनार्मेंट राजीव नाग(यंगस्टर फुटबॉल) को दिया गया। बेस्ट लिक टूनार्मेंट ऑफ समीर धनफूल को दिया गय।



# माता के दर्शन के लिए रानी माई आंवरी मंदिर पहुंचीं विधायक सावित्री मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं अध्यक्ष रानी माई मंदिर समति आवरी परिक्षेत्र बारह ग्राम सावित्री मनोज मण्डावी ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर रानी माई आंवरी पहुँचकर मां के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर उन्होंने माता से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और समग्र विकास की कामना किया।

विधायक ने दर्शन करने के उपरांत कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, श्रद्धा और सामूहिक सद्भाव का प्रतीक है और मां के आशीर्वाद से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा एवं प्रगति के नए रास्ते खुलेंगे। पूजा-अर्चना के दौरान बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर माता से क्षेत्र की खुशहाली और सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस धार्मिक और जनसंपर्क कार्यक्रम का स्वागत किया और उनके प्रयासों को क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया। विधायक नौ दिनों तक लगातार क्षेत्र के माता मंदिरों में पहुँचकर पूजा पाठ कर रही है। नाथियानवागांव मंदिर में भी पहुँचकर दर्शन करते हुए लगातार पूजा पाठ चल रहा है। नवरात्र में माता मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

**अंचल की सुख-समृद्धि की कामना की**



## हाहालददी के बंजारी माता मंदिर में पंचमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**दुर्गुकोंदल।** शारदीय नवरात्र पर्व पर दुर्गुकोंदल स्थित हाहालददी के आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर में पंचमी तिथि के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विशेष रूप से तैयारियां की गई थीं। माता का भव्य श्रृंगार कर परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और दीपों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और अलौकिक हो उठा। बंजारी माता मंदिर में पंचमी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया था। विशेष पूजा-अर्चना के दौरान क्षेत्रभर से आए सैकड़ों श्रद्धालु माता के दर्शन कर आशीर्वाद लेने पहुंचे। मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों की गूंज से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसाद वितरण, पेयजल और व्यवस्था की विशेष देखरेख की। श्रद्धालुओं ने माता से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित माताजी के दरबार में विशेष मनोकामना ज्योत भी प्रज्वलित की। गांव में इस आयोजन को लेकर उत्सव जैसा माहौल रहा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर पहुंचीं और भजन-कीर्तन में शामिल हुईं।

## खबर संक्षेप



### तीन दिनी मानस गान प्रतियोगिता आयोजित

**धनेलीकन्हार।** धनेलीकन्हार में नवरात्र उत्सव में त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 28 सितंबर को मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने कहा की मानस कार्यक्रम में जहां राम के नाम का वाचन बारम्बर होता है वहां कभी अकाल नंही होता, वह क्षेत्र हमेशा धन, धान्य से समृद्ध होता है। मैं सांसद था तब भी और आज भी ऐसे मानस गान कार्यक्रमों में अब तक 54 हजार रमायन भेंट किया हूं। आयोजित मानस गान प्रतियोगिता में विशेष अतिथि मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटीयारा ने कहा कि मानस मंच में बताये मार्ग पर चलने से कल्याण की प्राप्ति होती है। ऐसे कार्यक्रम ग्राम में एकता की भावना प्रबल होती है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावडे, उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर, पुर्व कृषि सभापति ईश्वर कावडे, बस्तर विकास प्राधिकरण के पुर्व उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, हदय शोरी, गुमानसिंह गजबल्ला, नंद किशोर राठी, रमेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

### क्रांतिकारी विचार मंच ने शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई



**पखांजूर।** क्रांतिकारी विचार मंच की पखांजूर इकाई ने 28 सितंबर को भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की 118वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई। पखांजूर स्थित भगत सिंह चौक पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर क्रांतिकारी विचार मंच के सदस्यों ने इंकलाब ज़िंदाबाद, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, समाजवाद ज़िंदाबाद और शहीद-ए-आज़म भगत सिंह अमर रहें के बुलंद नारे लगाए, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति के जोश से भर गया। इस श्रद्धांजलि सभा में क्रांतिकारी विचार मंच के सदस्य हरपाल सिंह, महेश्वर शर्मा, आरिफ़ कुरैशी, जोझन लो, अशोक उर्वसा, दिनेश नेगी, बैजू राम पावे, धर्मेन्द्र कस्तूरी, तोजो लो, ईशु लो, शेखर राय, रूपेश नंदी और रियांस नंदी उपस्थित रहे।

### फांसी लगा दी युवक ने जान

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कच्चे निवासी 34 वर्षीय खोरबाहरा धनेलिया ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सीएचसी भानुप्रतापपुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने 27 सितंबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दयाराम बने बस्तर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत गरावंड के सरपंच दयाराम कश्यप बस्तर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने । उन्होंने आज शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य से मुलाकात की । मौर्य ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।

### व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी का किया गया वितरण

# विधायक विक्रम ने पेंशन समाधान और सहायक शिविर में उपकरण भी बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



नगर पंचायत पखांजूर के सद्भावना भवन परिसर में जनहित में पेंशन समाधान शिविर एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक विक्रमदेव उसेंडी ने व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, छड़ी, कृत्रिम अंग आदि उपकरणों को वितरित कर किया।

आयोजित शिविर का मुख्य उद्देश्य वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांगजन और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना था। इसके साथ ही विभिन्न शारीरिक रूप से अक्षम हितग्राहियों को उनकी ज़रूरत के अनुसार सहायक उपकरण का निःशुल्क वितरण भी किया गया। वितरित किए गए उपकरणों में व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, छड़ी, कृत्रिम अंग आदि शामिल रहे। शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन पहुँचे। अनेक लाभार्थियों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें वर्षों से पेंशन की मंजूरी या उपकरणों की प्रतीक्षा थी। उन्होंने कहा कि आज उन्हें पहली बार ऐसा लगा कि सरकार उनकी समस्याओं को लेकर गंभीर है, जिसने उनमें एक नया उत्साह भरा। यह शिविर सामाजिक समरसता और जनसेवा का संदेश प्रसारित करने वाला एक प्रेरणास्त्रोत आयोजन रहा। इस दौरान जनपद के समस्त स्टाफ ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। सभी वर्गों के लोगों ने मिलकर सेवा भावना से इस शिविर को सफल बनाया, जो स्थानीय प्रशासन की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में विधायक के साथ नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष मोनिका साहा, उपाध्यक्ष शंकर सरकार, जनपद सीईओ उदय कुमार नाग, जिला पंचायत सदस्य सुनीता मंडल, जनपद अध्यक्ष श्यामबत्ती मंडावी, श्याम मंडल, अजय बाछाड़, श्यामल मंडल, दीपंकर राय और नारायण साहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पेंशन समाधान व सहायक उपकरण शिविर जपं चारामा में किया गया




**चारामा।** रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर जनपद पंचायत चारामा में 27 सितम्बर को पेंशन समाधान एवं सहायक उपकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। अतिथिगणों ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे, जिससे दिव्यांगजन, वृद्धजनों को एक सम्मानजनक जीवन यापन कर सके। समाज में व्याप्त नशा की लत से बाहर आने के आने तथा नशा के दुष्प्रभाव के विस्तृत जानकारी देते हुए नशा से दुर रहने का आव्हान किया गया। आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पेंशन संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया। जरूमंदो को सहायक उपकरण गुलाब गावड़े ग्राम हाराडुला को बैटरी चलित ट्राईसिकल, सुनीता यादव ग्राम मैनपुर, लच्छूराम मयाना, पुरन कोमरा ग्राम गोटीटोला, आनंद राम साहू उड़कुड़ा, मुरली राम नागराज ग्राम जुनवानी को व्हीलचेयर, हृदय राम शौरी किलेपार, गोविंद निषाद किलेपार को वैशाखी, अखील निषाद चिनौरी, जगदम्बिका जैन कानापोंड, नरसिंग जिटूराम उड़कुड़ा को श्रवण यंत्र एवं उदल राम, प्रेमबाई, कचरी बाई प्रभुराम को छड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद पंचायत सीईओ गोपाल सिंह कंवर सहित जनपद पंचायत चारामा की समस्त अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग रहा। शिविर में जिला पंचायत सभापति तेजेश्वरी सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज चारामा, जनपद पंचायत सभापति अमिता बंजारे, जनपद सदस्य विसमत नरेटी, अरूण मरकाम, सरपंच संघ अध्यक्ष मैना ध्रुव, सरपंच संगीता कोड़ोपी, गमलेश्वरी सेवता, राजकुमार नरेटी, रवि नायक, दिनेश गावड़े, कांशी राम जैन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयासों से साप्ताहिक बाजार हुआ सुव्यवस्थित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक के अथक प्रयासों के बाद शहर का साप्ताहिक बाजार अब एक नया रूप ले चुका है। लगातार चार हफ्तों के प्रयासों के बाद शहर का साप्ताहिक बाजार रौनक आई है। दशकों से अव्यवस्था और गंदगी का शिकार रहा यह बाजार अब स्वच्छ, सुव्यवस्थित और भीड़-भाड़ से मुक्त हो गया है। इन सुधारों से न केवल दुकानदारों को राहत मिली है, बल्कि ग्राहकों के लिए भी खरीदारी का अनुभव बेहतर हुआ है। नगरपालिका अध्यक्ष ने 28 सितबंर रविवार को साप्ताहिक बाजार का दौरा किया। इस दौरान अध्यक्ष ने बाजार में सफाई, बैठने की जगह एवं यातायात को सुगम किया। नगरपालिका अध्यक्ष ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद बाजार की बदहाल स्थिति पर संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर अब हर बाजार के बाद नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया। व्यापारियों को व्यवस्थित तरीके से बैठने की जगह आवंटित की गई है। सड़क पर लगने वाली दुकानों को किनारे कर दिया गया है, जिससे यातायात सुगम हो गया है, जिससे पहले, सड़क पर लगने वाली दुकानों के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी और लोगों को परेशानी होती थी। नगर पालिका अध्यक्ष के इन प्रयासों ने यह साबित कर दिया है कि अगर इच्छाशक्ति हो, तो छोटे-से-छोटे बदलाव भी बड़े परिणाम ला सकते हैं। साप्ताहिक बाजार में आए ये सुधार शहर के विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयासों से साप्ताहिक बाजार में कई तरह के सुधार हुए हैं, जिससे व्यापारियों और खरीदारों दोनों को लाभ हुआ है। नगरपालिका अध्यक्ष अरूण ने बताया कि यह केवल शुरुआत है। आने वाले समय में बाजार में और भी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी, जिसमें रात में बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम शामिल हैं। हमारा लक्ष्य है कि साप्ताहिक बाजार न केवल व्यापार का केंद्र बने, बल्कि शहर की पहचान का भी हिस्सा बने।



# भारी बारिश से दुर्गा पूजा के बाजार में मायूसी, दुकानदारों को नुक़सान

**पखांजूर।** कापसी में षष्ठी के पावन दिन से बंग समाज द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा का विधिवत शुभारंभ हो गया है, जिससे पूरे प्रांगण में एक धार्मिक और उत्सव का माहौल छा गया है। हालांकि पंडाल के बाहर का नज़ारा थोड़ा उदासी भरा है। पंडाल को चारों ओर से घेरने वाली विभिन्न दुकानों, विशेष रूप से खिलौने की दुकानों, के मालिकों को लगातार हो रही भारी बारिश के कारण व्यापार में भारी नुक़सान होने की आशंका सता रही है। बंग समाज द्वारा परम्परागत रूप से षष्ठी के दिन से शुरू होने वाली यह पूजा, हर साल की तरह इस बार भी भव्य रूप से मनाई जा रही है। एक ओर जहां पंडाल के भीतर मां दुर्गा का आह्वान और पूजा अनुष्ठान शुरू हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर, लगातार बारिश ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। एक खिलौने की दुकान चलाने वाले दुकानदार ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। अगर यही हाल रहा तो पूजा देखने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत कम रहेगी। हमारी सारी पूंजी इस उम्मीद पर लगी है कि पूजा के दौरान अच्छी बिक्री होगी, लेकिन अगर भीड़ नहीं आई, तो सारा सामान ऐसे ही धरा रह जाएगा और हमें बड़ा नुक़सान झेलना पड़ेगा। प्रांगण में लगे अन्य फूड स्टॉल और कपड़े की दुकानों के मालिक भी इसी दुविधा में हैं। वे मौसम विभाग से लगातार बारिश रुकने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि आने वाले दिनों में भक्तों की भीड़ उमड़ सके और उनका व्यापार पटरी पर आ सके। दुर्गा पूजा का यह उत्सव अगले कुछ दिनों तक चलेगा और सभी की निगाहें अब मौसम पर टिकी हैं। पंडाल की रौनक तो बरकरार है, लेकिन बाज़ार की चिंताएं बारिश के थमने का इंतज़ार कर रही हैं।

# बस्तर ओलंपिक की तैयारी शुरू, युवाओं को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच

**पखांजूर।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने बस्तर ओलंपिक 2025 के भव्य आयोजन की तैयारी शुरू कर दी है। बस्तर अंचल के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने उनकी रचनात्मक और खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रक्रिया 22 सितंबर से शुरू होकर 20 अक्टूबर तक चलेगी। जिला कलेक्टरों और संभागायुक्त को व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी कराने के निर्देश दिए गए हैं। बस्तर ओलंपिक 2025 का आयोजन त्रिस्तरीय विकासखंड, जिला और संभाग स्तर परहोगा। आयोजन में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग केवल जिला और संभाग स्तर पर, कराटे, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और सीनियर महिलाओं के लिए रस्साकस्सी जैसे कुल 11 खेलों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिताएं जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन की एक खास बात यह है कि नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सलियों को सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता का अवसर दिया जाएगा। यह कदम उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। आयोजन का मुख्य आयोजन विभाग खेल एवं युवा कल्याण विभाग होगा, जबकि गृह पुलिस विभाग को नोडल विभाग नियुक्त किया गया है। सभी संबंधित विभागों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समन्वय से कार्य करने को कहा गया है।

## मरोड़ा के करमा त्योहार में लोकगीतों एवं नृत्यों की धूम



**पखांजूर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम मरोड़ा में आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण और पारंपरिक पर्व करमा त्यौहार अत्यंत धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन में गांव के छोटे-बड़े, भाई-बहन, और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जो इस पर्व के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। उरांव समाज के मुख्य रामदयाल लकड़ा ने करमा पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व मुख्य रूप से भाई-बहन के अटूट प्रेम, प्रकृति पूजा, अच्छी फसल और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया, इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और स्वस्थ भविष्य के लिए व्रत रखती हैं। वहीं आदिवासी समाज प्रकृति की पूजा करता है, जिसमें विशेष रूप से करम पेड़ की पूजा की जाती है, जिसे जीवन, उर्वरता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

# पीव्ही 14 प्राशा का जर्जर शौचालय नहीं बना, बच्चों को हो रही असुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

पखांजूर के ग्राम पंचायत श्यामनगर के ग्राम पीव्ही 14 स्थित प्राथमिक शाला में बालक-बालिका शौचालय पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जिसके कारण बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरीवश छात्र-छात्राएं प्राथमिक शाला से दूर माध्यमिक शाला के शौचालय का उपयोग करने को विवश हैं।

ग्राम पंचायत को इस शौचालय के जीर्णोद्धार के लिए 15वें वित्त आयोग मद से 1.42 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। रिकॉर्ड के अनुसार यह राशि 2 जुलाई 2025 को आहरित भी कर ली गई थी, लेकिन दो माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। मौके पर न तो पुराने शौचालय का ढांचा गिराया गया है और न ही स्कूल परिसर में कोई निर्माण सामग्री डाली गई है। प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक ने शौचालय की खस्ताहाल स्थिति और बच्चों को हो रही असुविधा की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन उन्हें पंचायत द्वारा राशि आहरित किए जाने की जानकारी नहीं है। इस मामले में ग्राम पंचायत श्यामनगर के सचिव प्रताप मंडल ने स्वीकार किया कि शौचालय निर्माण के लिए राशि आहरित की गई है। यह भी गौरतलब है कि इस पंचायत में पहले भी राशि आहरण कर कार्य नहीं करने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं, जिसके बाद प्रशासन ने पूर्व सरपंच से वसूली के लिए नोटिस भी जारी किया था।

### सीईओ ने लगाई फटकार

मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के सीईओ उदय नाग ने तत्काल श्याम नगर पीव्ही 14 पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सरपंच और सचिव को जमकर फटकार लगाई और उन्हें जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

# जिला स्तरीय शिविर में 700 से अधिक दिव्यांगजनों का किया गया चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में दिव्यांगजनों के कल्याण और सुविधा को लेकर जिला स्तरीय दिव्यांगजन चिन्हांकन एवं प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला कार्यलाय समाज कल्याण विभाग द्वारा यह शिविर लाईवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर परिसर में संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों के चिन्हांकन, मेडिकल प्रमाण पत्र, बस पास निर्माण तथा पेंशन संबंधी समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ सहायक उपकरण वितरण करना था।

जिला स्तरीय इस शिविर में जिलेभर के सभी जनपद पंचायतों से आए दिव्यांग हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। यहां कुल 700 से अधिक हितग्राहियों की पेंशन जांच, सत्यापन, मोबाइल नंबर अपडेट और नए आवेदनों की स्वीकृति जैसे कार्य तुरंत पूरे किए गए। पारदर्शिता और तत्परता के साथ पूरी प्रक्रिया को संपन्न किया गया, जिससे लाभार्थियों में संतोष और विश्वास का माहौल बना। शिविर में जिला स्तर के वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण भी वितरित किए गए, जिसमें वृद्धजनों के लिए 300 नग छड़ी, दिव्यांगजनों के लिए 10 नग व्हीलचेयर, 15 नग वॉकर, 10 नग बैसाखी, 30 नग श्रवण यंत्र तथा 5 नग बैटरी ट्राइसाइकिल प्रदान किए गए। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों की दैनिक जीवन की कठिनाइयों को काफी हद तक आसान बनाने में मदद मिलेगी। शिविर में आए हितग्राहियों का स्वागत करते हुए अतिथियों ने समाज कल्याण विभाग की इस पहल की सराहना की और दिव्यांगजनों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सेवा पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित इस दिव्यांगजन समाधान शिविर में न केवल समस्याओं का समाधान किया गया, बल्कि हितग्राहियों एवं उनके परिजनों के लिए उत्तम भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता और सहयोग का वातावरण बना रहा। शिविर में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मठियारा, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर एवं सरपंच दीपक मंडावी, समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक क्षमा शर्मा, आशीष शोरी, सचिन चौबे सहित विभाग के समस्त कर्मचारी, चिकित्सा विभाग, एलडीएम तथा यातायात विभाग के अधिकारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

